भिक्षा दे दे माई | By Sunil Sarvottam |

सबेर-सबेर चौखट पे मेरे
किसी ने आवाज़ लगाई
सबेर-सबेर चौखट पे मेरे
किसी ने आवाज़ लगाई
भिक्षा दे दे माई
भिक्षा दे दे माई
मांगे बाबा साई

पहना है उसने सादा सा चोला
कंधे पे है एक झोला
सबका मालिक एक कहे वो
लगता है वो बाबा भोला
नानक की सु, राम खुदाया
देता है उसमें दिखाई
भिक्षा दे दे माई
भिक्षा दे दे माई
मांगे बाबा साई

ना माँगे चांदी, ना माँगे सोना
मांगे वो बस प्रेम भिक्षा
जिस घर से मांगी बाबा ने भिक्षा
होगा मुकद्दर वो किसका
किस्मत से वो घर है आज मेरा
किस्मत मेरी जगमगाई
भिक्षा दे दे माई
भिक्षा दे दे माई
मांगे बाबा साई

चेहरा है उसका जैसे नूरानी
दुनिया है उसकी दीवानी
बातें करे वो इंसानियत की
वीरों की बोले ज़ुबानी
शिरडी में उसका है आशियाना
नाम है बाबा साई
भिक्षा दे दे माई
भिक्षा दे दे माई
मांगे बाबा साई

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%bf%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%b7%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%88-by-sunil-sarvottam/